## NATIONAL HEALTH SYSTEMS RESOURCE CENTRE

Technical Support Institution with National Health Mission
Ministry of Health & Family Welfare, Government of India

# PUBLIC NOTICE

It has come to the notice of the National Health Systems Resource Centre (NHSRC) that unscrupulous elements are trying to deceive public/ candidates through fake recruitment advertisements/ calls/ letters/ messages etc. in the name of securing jobs for the post of Junior Assistant at NHSRC, Hyderabad.

This is to inform the general public that the registered office of NHSRC is at NIHFW Campus, Baba Gangnath Marg, Munirka, New Delhi 110067 and there are no regional offices at other locations, including Hyderabad, Telangana.

These elements may be unauthorizedly using the name, trademark, domain name, and logo of NHSRC with a view to tarnish the image and reputation of NHSRC. It is likely that the communications from these unscrupulous elements may carry or use the email address or identification mark or letterhead or domain name or rubber stamp of NHSRC or similar marks to make it look authentic.

The public in general is advised not to fall prey to such fraudulent activities and be vigilant of such fraudulent job postings, e-mails, SMS, and telephone calls and not to respond to such or share any personal information. Please note that any offers/ benefits/ content/ instructions presented in such misleading communication impersonating NHSRC, do not represent those of the institute and are contrary to our policy.

This is to inform the general public that the recruitment process of NHSRC is transparent and Notice for Inviting Applications along with guidelines for such recruitment are always through its official website, www.nhsrcindia.org, and the recruitment advertisements are widely advertised in the print media in National/ Local newspapers and other platforms as per protocol. The selection is done only through open competition and is purely merit-based. We wish to caution the public that NHSRC does not collect any money or other valuables as a pre or post-employment requirement.

It may be noted that NHSRC bears no responsibility for amounts being paid by prospective job aspirants to these unscrupulous persons in response to false recruitment assurances. Any person dealing with such unscrupulous elements will be doing so at his own risk and cost and NHSRC shall in no way be responsible for the consequences thereof.

In order to verify the authenticity of any recruitment event, the public/ candidate may contact NHSRC at 011-26108983 / 84 / 92/ 93, 011-26108994: nhsrc[dot]india[at]gmail[dot]com, www.nhsrcindia.org

**S/d: Principal Administrative Officer, NHSRC**

8 x 22 sq. cm.

## नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

# सार्वजनिक सूचना

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ बेईमान तत्व एनएचएसआरसी, हैदराबाद में कनिष्ठ सहायक के पद पर रोज़गार दिलाने के नाम पर फर्जी भर्ती विज्ञापन/बुलावा/पत्र/संदेश आदि के जरिए जनता/अभ्यर्थियों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं।

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि एनएचएसआरसी का पंजीकृत कार्यालय एनआईएचएफडब्ल्यू कैम्पस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनीरका, नई दिल्ली–110067 में स्थित है और हैदराबाद, तेलंगाना सहित अन्य स्थानों पर इसका कोई क्षेत्रीय कार्यालय नहीं है।

एनएचएसआरसी की छवि और प्रतिष्ठा धूमिल करने के उद्देश्य से ये तत्व अनधिकृत रूप से एनएचएसआरसी के नाम, ट्रेडमार्क, डोमेन नाम और लोगो का उपयोग कर सकते हैं। यह संभावना है कि इन बेईमान तत्वों के पत्राचार में ईमेल पता अथवा पहचान चिह्न अथवा लेटरहेड अथवा डोमेन नाम अथवा एनएचएसआरसी की रबड़ की मोहर अथवा इसी प्रकार के कोई चिह्न शामिल हो सकते हैं या इनका इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे कि ये प्रामाणिक दिखाई पड़ें।

आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों का शिकार न बनें और ऐसे धोखाधड़ी वाले रोज़गार के लिए तैनाती, ई–मेल, एसएमएस और टेलीफोन कॉल से सतर्क रहें तथा इनका उत्तर न दें अथवा अपनी कोई व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

कृपया ध्यान दें कि एनएचएसआरसी के नाम से ऐसे भ्रामक पत्राचार में प्रस्तुत कोई भी ऑफर/लाभ/सामग्री/अनुदेश संस्थान का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं और ये हमारी नीति के विपरीत हैं।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एनएचएसआरसी की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी है और ऐसी भर्ती के लिए दिशानिर्देशों के साथ आवेदन आमंत्रित करने की सूचना सदैव इसकी आधिकारिक वेबसाइट www.nhsrcindia.org के माध्यम से दी जाती है, और भर्ती विज्ञापन प्रोटोकॉल के अनुसार प्रिंट मीडिया में राष्ट्रीय/स्थानीय समाचार पत्रों और अन्य प्लेटफार्मों में व्यापक रूप से प्रकाशित किए जाते हैं। चयन केवल खुली प्रतियोगिता के जरिए किया जाता है और पूरी तरह से योग्यता पर आधारित होता है। हम जनता को सावधान करना चाहते हैं कि एनएचएसआरसी रोजगार से पहले या बाद की अपेक्षा के रूप में कोई धनराशि अथवा अन्य कीमती वस्तुएं जमा नहीं करता है।

कृपया ध्यान दें कि झूठे भर्ती आश्वासनों के प्रत्युत्तर में संभावित नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा इन बेईमान व्यक्तियों को भुगतान की गई राशि के लिए एनएचएसआरसी कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है। ऐसे बेईमान तत्वों से संव्यवहार करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और कीमत पर ऐसा करेगा और एनएचएसआरसी किसी भी तरह से इसके परिणामों के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।

किसी भी भर्ती कार्यक्रम की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए, जनता/अभ्यर्थी एनएचएसआरसी से 011–26108983/84/92/93, 011–26108994: nhsrc[dot]india[at]gmail[dot]com, www.nhsrcindia.org पर संपर्क कर सकते हैं।

**कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी**

8 x 22 sq. cm.